दिल्ली पुलिस समाचार

अंक-120 जनवरी - फरवरी, 2018 पंजी० सं० आर-43037/85 दिल्ली पुलिस की घरेलू पत्रिका

दिल्ली पुलिस सप्ताह – 16 से 22 फरवरी



21 फरवरी को मदर टेरेसा, क्रीसेंट मार्ग पर गरिमामयी एवं प्रतिष्ठित कार्यक्रम 'सत्कार समारोह' का आयोजन।



16 फरवरी, 2018 को नई पुलिस लाईन मैदान में आयोजित भव्य परेड का निरीक्षण करते हुए मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह।

दिल्ली पुलिस एक राज्य की नहीं बल्कि पूरे हिन्दुस्तान की पुलिस के रुप में प्रतिनिधित्व करे – केन्द्रीय गृहमंत्री

माननीय केंद्रीय गृहमंत्री की सराहना से प्रोत्साहित हों और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप दिल्ली पुलिस को राज्य की पुलिस नहीं बल्कि हिन्दुस्तान की पुलिस बनाने में भागीदार बनें :

- श्री अमूल्य पटनायक, पुलिस आयुक्त



साथियों, 16 फरवरी, 2018 को दिल्ली पुलिस के 71वें स्थापना दिवस पर आयोजित शानदार परेड के साक्षी बने मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह जी ने अपने सम्बोधन में दिल्ली पुलिस द्वारा गतवर्ष प्राप्त सफलताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस को अपनी क्षमता, श्रेष्ठता, निपुणता के बल पर ऐसे मापदंड स्थापित करने होंगे कि वह एक राज्य की नहीं बल्कि पूरे हिन्दुस्तान की पुलिस के रूप में प्रतिनिधित्व करें। उन्होंने कहा कि मैं, दिल्ली पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मियों की तहेदिल से सराहना करता हूँ क्योंकि पिछले दिनों दिल्ली पुलिस ने कुछ खास बिंदुओं पर विशेष सफलता अर्जित की है और इसी कारण दिल्ली पुलिस पर पूर्व की भांति लोगों का भरोसा कायम है। दिल्ली पुलिस अपने दायित्व निर्वहन में सक्षम है, जबकि उसे अन्य राज्यों की पुलिस की अपेक्षा ज्यादा परिश्रम करना पड़ता है और ज्यादा सजग भी रहना पड़ता है। इसलिए मैं अपने सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं जवानों का आह्वान करता हूँ कि वे अपनी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, पेशेवर निपुणता और योग्यता के बल पर दिल्ली पुलिस को एक नए मुकाम पर ले जाने में भागीदार बनें।

माननीय केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह ने पिछले दिनों इंडियन मुजाहिदीन के 15 लाख रुपये के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार करने, शाहदरा जिले से अपहृत 5 वर्षीय बच्चे को सकुशल बरामद करने, गणतंत्र दिवस के अवसर पर चाक–चौबंद सुरक्षा प्रबंध करने, आसियान देशों की बैठक के दौरान विश्वसनीय सुरक्षा एवं यातायात प्रबंध करने तथा पद्मावत फिल्म के सिनेमाघरों पर प्रदर्शन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने पर मंच से हमारी कार्यशैली की प्रशंसा की। इस उत्कृष्ट सफलता के लिए मैं भी आप सब की तहेदिल से प्रशंसा करता हूँ और इस वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ–साथ इस वर्ष स्थापना दिवस पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय सर्वश्रेष्ठ थानों क्रमशः पंजाबी बाग, सीलमपुर और के.एन. काटजू मार्ग के अधिकारियों एवं कर्मियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई देता हूँ।

दिल्ली पुलिस ने देश, समाज व अपने शीर्षस्थ नेतृत्व के सामने अपनी श्रेष्ठतम पुलिस बल की छवि को कायम रखने में शानदार कामयाबी हासिल की है। हमें यह कामयाबी केवल और केवल जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं और उत्तरदायित्वों को पूरा करने, उनकी आकांक्षाओं पर खरा उतरने तथा निरंतर कठिन परिश्रम करने से मिली है। अभी हाल ही में माननीय उपराज्यपाल महोदय, श्री अनिल बैजल ने एक कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस के 'हिम्मत एप' को नए फीचर्स के साथ हिम्मत प्लस एप के रूप में पुनः लॉच किया है। इस नए हिम्मत प्लस एप से महिलाओं एवं छात्राओं में सुरक्षा की भावना और मजबूत होगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि दिल्ली में कानून–व्यवस्था को बनाये रखने में तथा सुचारू यातायात के संचालन की राह में नित्य नई–नई चुनौतियां नए स्वरूप में हमारे सामने आती हैं। परन्तु इन चुनौतियों का कर्मठता और पेशेवर निपुणता से बखूबी मुकाबला करते हुए जब आप सफलता प्राप्त करते हैं, तो मुझे अपार खुशी की अनुभूति होती है।

साथियों, बीट व्यवस्था, जिसे पुलिस की रीढ़ व्यवस्था भी कहा जाता है, पर और अधिक प्रभावशाली ढंग से काम करते हुए अपने–अपने क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों का एक डाटा–बेस तैयार करें। बीट व्यवस्था के तहत काम करते हुए अपने इलाकों के एंट्री प्वांइटों, महत्वपूर्ण मॉल, बाजार, अस्पताल, बिल्डिंग, गणमान्य नागरिकों व संस्थाओं का ब्यौरा भी अपनी बीट–बुक में हमेशा तैयार रखें। मैं इस बात पर भी विशेष जोर देना चाहूंगा कि बैरीकेडिंग करते समय मौके पर पुलिसकर्मी जरूर मौजूद रहना चाहिए। आप खुद भी महसूस करते होंगे कि आजकल नागरिक पुलिस को एक दोस्त और रक्षक के रूप में स्वीकार करते हैं और इसी छवि के दम पर पुलिस की मदद के लिए आगे आने के साथ–साथ बदमाशों के साथ सीधे भिड़ने भी लगे हैं। इसे भी हम एक कामयाबी के तौर पर देख सकते हैं। ट्रैफिक पुलिस के जोनल ऑफिसर्स और ट्रैफिक इंस्पेक्टर भी यातायात बाधित बिंदुओं की पहचान करते हुए वहां यातायात को नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाने के प्रयास करें। पिछले दिनों स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच, पीसीआर, सुरक्षा शाखा व अन्य जिलों/यूनिटों में तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा किये गये उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्यो की प्रशंसा करते हुए मैं, उनका आह्वान करना चाहूंगा कि वे सब अपने इसी जज़्बे और निष्ठा के साथ काम करते रहें।

आईए, नए संकल्प और नई उर्जा के साथ दिल्ली को अधिक से अधिक सुरक्षित बनाने, जनता की सेवा करने के लिए तत्पर रहने, अपनी कार्यशैली में अधिक से अधिक आधुनिक तकनीक को शामिल करने, महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गो की सुरक्षा की अपनी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस को एक जनप्रिय पुलिस बनाने की दिशा में निरंतर निःस्वार्थ काम करने की प्रतिज्ञा लेते हुए आगे बढ़ें।

दिल्ली पुलिस सप्ताह , 2018 के दौरान आयोजित प्रमुख कार्यक्रमों की एक झलक

सत्कार समारोह (एट होम)

दिल्ली पुलिस सप्ताह के दौरान 21 फरवरी, 2018 को 17, मदर टेरेसा क्रीसेंट मार्ग पर सत्कार समारोह सम्पन्न हुआ। भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री विजय करण के कार्यकाल से प्रारंभ हुए इस सत्कार समारोह में देश का शीर्षस्थ नेतृत्व, प्रमुख विभागाध्यक्ष, भूतपूर्व पुलिस आयुक्त, भूतपूर्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण व विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गणमान्य नागरिक इस गरिमामयी समारोह के साक्षी बनते रहे हैं ।



उपराष्ट्रपति श्री एम. वैंकेया नायडू का स्वागत करते हुए मेज़बान दम्पत्ति श्री अमूल्य पटनायक एवं श्रीमती सूचना पटनायक तथा साथ में केन्द्रीय गृहमंत्री



केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं श्रीमती सूचना पटनायक



केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं श्रीमती सूचना पटनायक



उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं श्रीमती सूचना पटनायक



केन्द्रीय गृहसचिव श्री राजीव गाबा का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक

फोटो : रोज़ जोसफ



पुदुचेरी की उपराज्यपाल श्रीमती किरण बेदी का स्वागत करते हुए मेज़बान दम्पत्ति

'पुलिस स्थापना दिवस' पर आयोजित 'सत्कार समारोह' में शामिल गणमान्य हस्तियां



सत्कार समारोह में शामिल उपराष्ट्रपति, केन्द्रीय गृहमंत्री, केन्द्रीय आवास एवं शहरी मंत्री, केन्द्रीय गृहसचिव, पुलिस आयुक्त एवं दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की अध्यक्षा व वरिष्ठ पदाधिकारियों का सामूहिक चित्र



भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री एम.बी. कौशल का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं श्रीमती सूचना पटनायक



भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री निखिल कुमार से वार्ता करते हुए मेज़बान दम्पत्ति



भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री अजयराज शर्मा का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक व श्रीमती सूचना पटनायक



सीबीआई निदेशक एवं भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार वर्मा का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक

'पुलिस स्थापना दिवस' पर आयोजित परेड की प्रमुख झलकियाँ



परेड में शामिल विभिन्न दस्तों के परेड कमांडर मुख्य अतिथि एवं पुलिस आयुक्त के साथ



तीनों सर्वश्रेष्ठ थानों के थानाध्यक्ष मुख्य अतिथि एवं पुलिस आयुक्त के साथ



फोटो : रोजर जोसफ

परेड में शामिल महिला पुलिसकर्मियों का साईकिल दस्ता



समिति द्वारा हस्त निर्मित वस्तुओं का अवलोकन करते हुए मुख्य अतिथि



दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा प्रकाशित 'कोशिश एक आशा' नामक वार्षिक पत्रिका का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि

71वां पुलिस स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ


मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह का स्वागत करते हुए पुलिस आयुक्त


परेड़ का निरीक्षण करते हुए मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह


समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि

- 16 फरवरी, 2018 को 71 वें स्थापना दिवस के मौके पर किंग्जवें कैम्प स्थित नई पुलिस लाइन मैदान में भव्य परेड का आयोजन किया।
- मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह के समारोह स्थल पर पहुंचने पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें मंच तक ले गये।
- मुख्य अतिथि एवं पुलिस आयुक्त ने जिप्सी में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात देश के केंद्रीय गृहमंत्री माननीय श्री राजनाथ सिंह ने परेड की सलामी ली। उन्होंने अपने सम्बोधन में दिल्ली पुलिस को राज्य की पुलिस नहीं बल्कि हिन्दुस्तान की पुलिस बनने के लिए प्रेरित किया।
- इस मौके पर पुदुचेरी की उप–राज्यपाल श्रीमती किरण बेदी, भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री एम.बी.कौशल, श्री टी.आर. कक्कड़, श्री बी.के गुप्ता, श्री नीरज कुमार के अलावा भारी संख्या में सेवानिवृत्त एवं वर्तमान वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण, पुलिस पदक विजेता, पुलिस परिवारों से जुड़ी महिलाएँ एवं बच्चे तथा मीडियाकर्मी उपस्थित थे।
- शानदार एवं भव्य परेड में दिल्ली पुलिस की सशस्त्र पुलिस की टुकड़ी, महिला सशस्त्र दस्ता, निशान टोली, महिला कमांडो दस्ता, ट्रैफिक पुलिस की टुकड़ी, ट्रैफिक मोटर साइकिल दस्ता, पीसीआर पराक्रम वैन, रक्षक वैन, स्वात वैन, वज्र वैन व वाटर कैनन वैन ने भाग लिया।
- इस वर्ष पूर्वोत्तर राज्यों से दिल्ली पुलिस में भर्ती हुई महिला पुलिसकर्मियों की टुकड़ी, पड़ोसी राज्यों हरियाणा व उत्तर प्रदेश की टुकड़ी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहीं।
- समारोह के मेज़बान श्री अमूल्य पटनायक ने अपने सम्बोधन में दिल्ली पुलिस की वर्षभर की सफलताओं, योजनाओं और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि गतवर्ष अपराधों में आई कमी से जनता के बीच पुलिस की विश्वसनीयता बढ़ी है।
- मुख्य अतिथि महोदय ने अपने सम्बोधन में परेड को उच्च कोटि की बताते हुए उसमें शामिल अधिकारियों एवं कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस सक्षम है और इस पर भरोसा किया जा सकता है।


भूतपूर्व एवं वर्तमान वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण एवं समारोह में आमंत्रित अन्य अतिथिगण

माननीय श्री राजनाथ सिंह जी अपने सम्बोधन में पिछले दिनों दिल्ली पुलिस द्वारा गणतंत्र दिवस परेड के दौरान पुख्ता सुरक्षा–व्यवस्था करने, आसियान देशों की बैठक के दौरान विश्वसनीय सुरक्षा व्यवस्था एवं अच्छा यातायात संचालन करने, इंडियन मुजाहिदीन संगठन के वांछित व 15 लाख के ईनामी आतंकवादी जुनैद को गिरफ्तार करने, शाहदरा से अपहृत 5 वर्षीय मासूम बच्चे की सकुशल रिहाई कराने तथा पद्मावत फिल्म रिलीज़ के दौरान दिल्ली में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर दिल्ली पुलिस की दक्षता व उच्च स्तर की कार्यशैली की जमकर तारीफ की।

मुख्य अतिथि महोदय ने न्यूयॉर्क पुलिस और कोलंबिया पुलिस का उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस लॉंग टर्म पॉलिसी का लक्ष्य निर्धारित करे और स्वयं को अपडेट व अपग्रेड करते हुए आधुनिक तकनीक से काम करे तो निश्चय ही वह हर स्थिति से निपट सकती है।

इस वर्ष थाना पंजाबी बाग को प्रथम, थाना सीलमपुर को द्वितीय तथा थाना के.एन.काटजू मार्ग को तृतीय सर्वश्रेष्ठ थाना घोषित किये जाने पर उनके थानाध्यक्षों श्री राजीव भारद्वाज, श्री सतीश कुमार तथा श्री मोहर सिंह को मुख्य अतिथि महोदय ने ट्रॉफी व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

केंद्रीय गृहमंत्री माननीय श्री राजनाथ सिंह ने गतवर्ष पुलिस पदक से सम्मानित होने वाले 42 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को पदक लगाकर सम्मानित किया।

माननीय केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा दिल्ली पुलिस शहीदी कोष में 5 करोड़ रुपये का अनुदान दिये जाने की घोषणा की जिसका पुलिस अधिकारियों एंव कर्मियों ने तालियाँ बजा कर स्वागत किया।

परेड़ समाप्ति के बाद माननीय मुख्य अतिथि महोदय ने दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा लगाई गई हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और प्रदर्शित की गई वस्तुओं का अवलोकन भी किया।

इस मौके पर समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक व उपाध्यक्षा डॉ0 सुशी सिंह के साथ–साथ समिति की अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित थीं।


वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को पुलिस पदक से अलंकृत करते हुए, मुख्य अतिथि महोदय


पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा प्रदर्शित प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि


दीप प्रज्जवलित करते हुए मुख्य अतिथि, पुलिस आयुक्त, समिति की अध्यक्षा एवं उपाध्यक्षा


मुख्य अतिथि, पुलिस आयुक्त, पुलिस पदक विजेताओं एवं सर्वश्रेष्ठ थानों के थानाध्यक्षों का सामूहिक चित्र

फोटो : रोजर जोसफ

पुलिस आयुक्त का वार्षिक संवाददाता सम्मेलन



पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 11 जनवरी, 2017 को जंतर–मंतर स्थित एनडीएमसी बिल्डिंग के कन्वेंशन हॉल में दिल्ली पुलिस के वार्षिक संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित किया। मंच पर पुलिस आयुक्त के साथ–साथ विशेष पुलिस आयुक्त (कानून–व्यवस्था, दक्षिणी परिक्षेत्र) श्री पी.कामराज, विशेष पुलिस आयुक्त (कानून–व्यवस्था, उत्तरी परिक्षेत्र) श्री एस.बी.के.सिंह, विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) श्री दीपेन्द्र पाठक, विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) श्री आर.पी.उपाध्याय, सहित अधिकांश विशेष पुलिस आयुक्त मंच पर उपस्थित थे जबकि अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं जिलों के उपायुक्त पुलिस दर्शकदीर्घा में उपस्थित थे। इस मौके पर भारी संख्या में प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे जिन्होंने प्रैस वार्ता के दौरान पुलिस आयुक्त, श्री अमूल्य पटनायक से प्रश्न किये। पुलिस आयुक्त महोदय ने संवाददाताओं द्वारा पूछे गये सभी सवालों का बड़ी शालीनता से स्लाइड की मदद से आंकड़ों सहित प्रत्युत्तर दिया। पुलिस आयुक्त महोदय ने प्रैस वार्ता में वर्ष के दौरान दिल्ली में घटित हुए अपराधों के विश्लेषण, महिलाओं, बुजुर्गो व बच्चों की सुरक्षा के लिए उठाये गये कदमों, स्ट्रीट क्राइम, साइबर क्राइमों की रोकथाम, अवैध हथियारों एवं मादक द्रव्यों की तस्करी पर अकुंश, युवाओं के अपराधों में संलिप्त होने पर उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने, बीट व्यवस्था को अपग्रेड करने, पीसीआर व महिला पीसीआर वैनों में सुधार, संगठित अपराधों पर लगाम, बेहतर यातायात प्रबंधन की रूपरेखा तैयार करने व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जबकि विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.पी.उपाध्याय एवं श्री दीपेन्द्र पाठक ने क्रमशः अपराध व यातायात से संबंधित वर्षभर का ब्यौरा प्रस्तुत किया। पुलिस आयुक्त ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया कि वर्ष 2016 के मुकाबले वर्ष 2017 में जघन्य अपराधों में जहां 12 प्रतिशत की कमी आई वहीं महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों में भी अच्छी खासी कमी आई है। पुलिस आयुक्त महोदय ने बताया कि महिलाओं को ज्यादा खतरा अपने परिचितों से ही होता हैं क्योंकि बलात्कार जैसे घृणित अपराध में 96 प्रतिशत पीड़ित के परिचित शामिल होते हैं। महिलाओं के प्रति पुलिस की प्राथमिकता और प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि पुलिस महिलाओं के प्रति होने वाले किसी भी प्रकार के अपराध के प्रति पूरी तरह संवदेनशील और सतर्क रहती है। तकनीकी स्तर पर दिल्ली पुलिस को मजबूत करने के लिए एक चीफ टेक्नालॉजी अफसर (सीटीओ) की नियुक्ति की गई है। गतवर्ष यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले 64,41,1400 दोषियों के चालान काटे गये और उनसे लगभग 94 करोड़ रुपये की राशि बतौर जुर्माना वसूली गई। जहां दिल्ली पुलिस की प्रतिष्ठा बढ़ाने और बेहतरीन काम करने वाले सैकड़ों पुलिस कर्मियों को बारी से पहले तरक्की, असाधारण कार्य पुरस्कार, पुलिस पदक, पुलिस आयुक्त के प्रशंसा पत्र व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया वहीं भ्रष्टाचार या अपराध आदि में संलिप्त होने वाले या ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने वाले कुल 2738 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई। पुलिस आयुक्त महोदय ने पुलिस की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दिल्ली में निरंतर बढ़ती आबादी, आर्थिक व सामाजिक असमानता और पुलिस बल की कमी के बावजूद, वर्ष 2017 का हमारा सफर शानदार रहा।

पुलिस मुख्यालय में अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक सम्पन्न

16 जनवरी, 2018 को पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में गणतंत्र दिवस व आसयान देशों की समिट के दौरान सुरक्षा प्रबंधों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके साथ ही आतंकवाद व दूसरों राज्यों में शरण लेने वाले अपराधियों के बारे में सूचनाओं के आदान–प्रदान पर भी गंभीरता से विचार–विमर्श हुआ। पुलिस आयुक्त महोदय ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिल्ली पुलिस के साथ–साथ उपस्थित पड़ोसी राज्यों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से कहा कि अपराधियों का डाटाबेस तैयार रखने, आधुनिक तकनीक का अधिकतम प्रयोग करने तथा समाज में बदलते सुरक्षा परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए काम करने पर जोर दें।



69वें गणतंत्रता दिवस पर दिल्ली पुलिस के 22 पुलिस अधिकारी एवं जवान पुलिस पदक से सम्मानित

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर दिल्ली पुलिस के 22 पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को बहादुरी के लिए, विशिष्ठ सेवाओं के लिए तथा सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।

वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित



सहायक आयुक्त पुलिस
श्री अतर सिंह



निरीक्षक
राजेन्द्र कुमार



निरीक्षक
रवीन्द्र कुमार त्यागी

विशिष्ठ सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित



अति.आयुक्त पुलिस
श्री कमल कांत व्यास



सहायक आयुक्त पुलिस
श्री सुरेन्द्र कुमार दहिया

सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित



उपायुक्त पुलिस
श्री राजबीर सिंह चौहान



उपायुक्त पुलिस
श्री आसिफ मोहम्मद अली



उपायुक्त पुलिस
श्री संजय भाटिया



उपायुक्त पुलिस
श्री दिनेश कुमार गुप्ता



अति0उपायुक्त पुलिस
श्रीमती वर्षा शर्मा



सहायक आयुक्त पुलिस
श्रीमती शशि बाला



निरीक्षक
सोमनाथ परूथी



निरीक्षक
संदीप मल्होत्रा



निरीक्षक
राजकुमार



निरीक्षक
कृष्ण प्रकाश



निरीक्षक
सुरेश मस्कीन



स0उ0नि0
जितेन्द्र डोगरा



प्रधान सिपाही
किशन चंद



प्रधान सिपाही
देव कुमार



प्रधान सिपाही
सुभाष कुमार



प्रधान सिपाही
रणबीर सिंह



प्रधान सिपाही
सतीश कुमार



69वें गणतंत्र दिवस परेड में शामिल दिल्ली पुलिस का मार्चिंग दस्ता मंच के सामने से गुजरता हुआ।



29 जनवरी, 2018 को राजीव चौक पर आयोजित बीटिंग रिट्रीट समारोह में अर्धसैनिक बलों की बैंड टुकड़ियों में शामिल दिल्ली पुलिस का बैंड अपनी मधुर धुनें बिखेरता हुआ।

उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल ने हिम्मत ऐप के संशोधित स्वरुप ''हिम्मत प्लस'' को बेहतर फीचर्स के साथ रीलॉंच किया



हिम्मत प्लस एप व क्यू आर कोड का उद्घाटन करते हुए माननीय उपराज्यपाल महोदय



हिम्मत प्लस एप व क्यू आर कोड के बारे में जानकारी देते हुए विशेष पुलिस आयुक्त

6 फरवरी, 2018 को रायसीना रोड स्थित नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में **माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैजल** ने दिल्ली पुलिस के 'हिम्मत ऐप' के संशोधित स्वरूप **''हिम्मत प्लस''** को बेहतर फीचर्स के साथ रीलॉंच किया। इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, श्री एस.बी.के.सिंह, श्री संजय बेनीवाल, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री प्रवीर रंजन** तथा **उपायुक्त पुलिस श्री संजय भाटिया** के अलावा भारी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं ओला, उबर कैब व ऑटो चालक भी उपस्थित थे। इस मौके पर अपने सम्बोधन में उपराज्यपाल महोदय ने दिल्ली पुलिस के नए संशोधित एवं बेहतरीन फीचर्स वाले 'हिम्मत प्लस' ऐप की प्रशंसा करते हुए कहा कि दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा का दायित्व केवल पुलिस पर ही नहीं, अपितु हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि कोई भी सार्थक तकनीक नागरिकों को सुविधा के साथ शक्ति भी प्रदान करती है। यदि दिल्ली पुलिस **''हिम्मत प्लस''** की नई तकनीक से नागरिकों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गो से जुड़ती है तो निःसंदेह नागरिकों में आत्मविश्वास पैदा होगा। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने इस नए हिम्मत प्लस ऐप के बारे में विस्तार से बताया कि हिन्दी अंग्रेजी भाषा वाले इस ऐप को गूगल प्ले से डाउनलोड किया जा सकता है। जिसमें टैक्सी, ऑटो रिक्शा, व ई–रिक्शा के चालकों की डिटेल के साथ–साथ क्यूआर कोड की भी सुविधा है और इस एप के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए हिम्मत एप स्टेशन भी बनाया जाएगा। इस एप से पंजीकृत होने वाला यात्री क्यूआर कोड की मदद से यात्रा के दौरान जान सकेगा कि जिस टैक्सी, या ऑटो में वह सफर कर रहा हैं वह दिल्ली पुलिस के हिम्मत एप स्टेशन के साथ रजिस्टर्ड है या नहीं। हिम्मत प्लस एप की सबसे बड़ी खासियत इसकी तीव्रगति है जिसके कारण शिकायतकर्ता और पुलिस कंट्रोल रूम चंद सेकंड में एक–दूसरे से जुड़ जाते हैं और पुलिस लोकेशन ट्रैक करके तुरंत मदद मुहैया करा सकती है।

महिलाएँ एवं छात्राएँ हिम्मत प्लस एप एवं क्यूआर कोड युक्त ऑटो-टैक्सी का इस्तेमाल करें - पुलिस आयुक्त



लेडी श्रीराम कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ सुमन शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक

22 फरवरी, 2017 को लेडी श्रीराम कॉलेज में दिल्ली पुलिस द्वारा शुरू की गई हिम्मत प्लस एप एवं क्यूआर कोड युक्त ऑटो–टैक्सी का प्रयोग करने संबंधी कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर लेडी श्रीराम कॉलेज की प्रिसिंपल डॉ सुमन शर्मा, पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज. श्री दीपेन्द्र पाठक, श्री संजय बेनीवाल, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री प्रवीर रंजन, उपायुक्त पुलिस श्री चिन्मय बिस्वाल, उपायुक्त पुलिस श्रीमती ईशा पांडे सहित तीन कॉलेजों की लगभग 800 छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान कॉलेज की छात्राओं द्वारा तैयार की गई लघु फिल्म 'द चेंज स्टार्ट्स हियर व इट स्टार्ट्स विद मी' का प्रदर्शन भी किया गया। इस मौके पर उपस्थित छात्राओं को सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि महिलाएं एवं छात्राएं दिल्ली पुलिस द्वारा लांच किये गये एप को डाउनलोड करें और क्यूआर कोड वाले ऑटो व टैक्सी में सफर करें। इससे मुसीबत के समय आपको पुलिस सहायता प्राप्त करने में काफी आसानी होगी। क्योंकि हिम्मत प्लस एप एवं क्यूआर कोड युक्त ऑटो–टैक्सी का पूरा ब्यौरा पुलिस के पास होता है। इसीलिए उन पर विश्वास किया जा सकता है।

पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा महिला सशक्तिकरण की एक ओर पहल 'प्रशिक्षा'' के तहत दो स्किल केन्द्रों की शुरूआत

13 फरवरी, 2018 को माता सुन्दरी कॉलेज के सभागार में **माननीय उपराज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती माला बैजल** ने पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम **''प्रशिक्षा''** का उद्घाटन किया। माननीय प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना **''कौशल विकास योजना''** के तहत **''प्रशिक्षा''** दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा एक पहल है, जिसके अतंर्गत **नरेला** व **मॉडल टाउन** पुलिस कॉलोनियों में दो स्किल सेंटरों की शुरूआत की गई है। पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा दिल्ली पुलिस परिवारों से जुड़ी महिलाओं में आत्मविश्वास जागृत करने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार की तरफ अग्रसर करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस योजना को समिति की अध्यक्षा **श्रीमती सूचना पटनायक** की अगुवाई और **उपाध्यक्षा डॉ0 सुशी** सिंह की देखरेख में नेशनल स्किल डेवलमेंट कॉरपोरेशन (NSDC) व स्किल रूट एजूकेशन टेक्नीकल कंसलटेंट प्रा0लि0 की मदद से क्रियान्वित किया जा रहा है। इस मौके पर दिल्ली पुलिस की तरफ से **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी. कामराज. श्री एस.बी.के.सिंह, श्री दीपेन्द्र पाठक, श्री संजय बेनीवाल** व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ–साथ समिति की पदाधिकारी भी उपस्थित थीं। श्रीमती माला बैजल ने समिति के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे महिलाओं के जीवन में काफी बदलाव लाया जा सकेगा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी यह एक प्रभावशाली कदम होगा। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने भी समिति की पदाधिकारियों की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि जिस प्रकार पुलिस प्रशासन पुलिसकर्मियों के कल्याणार्थ गंभीर रहता है वैसे ही समिति पुलिस परिवारों से जुड़ी महिलाओं और बच्चों के कल्याणार्थ कई कार्यों को पूरा करने में अहम भूमिका निभा रही है। समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रशिक्षा कार्यक्रम के तहत दोनों केंद्रो में दिये जाने वाले प्रशिक्षण से महिलाओं और युवाओं का सशक्तिकरण होगा। एक तरफ पुलिस परिवारों से जुड़ी महिलाओं में आत्मविश्वास जागृत होगा वहीं युवाओं को भी 'मिशन ओलम्पिक' तथा प्रशिक्षा के माध्यम से अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। समिति की उपाध्यक्षा डॉ0 सुशी सिंह ने समिति की भविष्य की रूपरेखा पर प्रकाश डाला और बताया कि नरेला व मॉडल टाउन में खुले इन दोनों केन्द्रों में 60–60 चयनित उम्मीदवारों को 30–30 की दो पालियों में सुबह–शाम कटिंग/टेलरिंग/कपड़ों की बुनाई तथा ब्यूटीशियन और हेयर कटिंग जैसे वोकेशनल कोर्स कराए जायेंगे।



दीप प्रज्जवलित कर प्रशिक्षा कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए श्रीमती माला बैजल



श्रीमती माला बैजल को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए पुलिस आयुक्त एवं समिति की पदाधिकारी

नई दिल्ली परिक्षेत्र के दक्षिण-पश्चिमी जिला की बिल्डिंग का उद्घाटन

21 फरवरी, 2018 को पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने नई दिल्ली परिक्षेत्र के दक्षिण–पश्चिम जिला की बिल्डिंग का उद्घाटन किया। इस मौके पर श्री वी.के. दुग्गल (भूतपूर्व गृहसचिव, भारत सरकार एवं मणिपुर के पूर्व राज्यपाल) श्री राज कुमार शर्मा (द्रोणाचार्य अवार्डी और श्री विराट कोहली के कोच) तथा श्री निखिल चोपड़ा (भूतपूर्व क्रिकेटर), विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, श्री एस.नित्यानंदम्, श्री आर.एस. कृष्णैया, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री अजय चौधरी, अति उपायुक्त पुलिस श्रीमती मोनिका भारद्वाज के अलावा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं भारी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। 1 दिसम्बर, 2017 को अस्तित्व में आए इस नए जिले में 3 सब–डिविज़िन और 9 पुलिस स्टेशन हैं। जिनमें से थाना कापसहेड़ा, पालम गांव, सागर पुर व दिल्ली कैंट पहले से ही इस जिले के हिस्से थे जबकि थाना वसंत विहार, आर.के.पुरम, साउथ कैंपस, वसंत कुंज (उत्तरी) तथा वसंत कुंज (दक्षिणी) दक्षिणी जिला से निकाल कर नवनिर्मित दक्षिण पश्चिमी जिला में शामिल किए गए हैं। जिला परिसर में सभी आधुनिक सुख–सुविधाओं के साथ–साथ एक पार्क, सुविधा केंद्र और बच्चों के लिए विशेषतौर पर कमरा तैयार किया गया है। इस मौके पर पुलिस आयुक्त ने अपने सम्बोधन में कहा कि लगभग 40 लाख वाली आबादी वाले इस जिले के अस्तित्व में आने से यहाँ के नागरिकों को काफी सुविधा होगी। पुलिस नागरिकों की पहुंच के पास होगी, शिकायकर्ता को तत्काल मदद मिल सकेगी और पुलिस व जनता के बीच की दूरी खत्म होगी।



दक्षिण पश्चिमी जिला की बिल्डिंग का उद्घाटन करते हुए पुलिस आयुक्त



समारोह में उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों को सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त

विशेष पुलिस ईकाई (महिला एवं बाल) अधिक से अधिक महिलाओं एवं छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने पर ध्यान केन्द्रित करें।


कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक



ओपन दिल्ली स्टेट जूडो चैम्पियनशिप 2018 में भाग लेने वाली महिला पुलिस टीम वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ


अपने आत्मरक्षा हुनर का प्रदर्शन करते हुए दिल्ली पुलिस की महिला पुलिसकर्मी

2 फरवरी, 2018 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने मालवीय नगर स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में विशेष पुलिस ईकाई (महिला एवं बाल) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 'रिसेप्शन हॉल, किड्स प्लेइंग एरिया और कैंटीन का उद्घाटन किया। इस मौके पर पुलिस आयुक्त ने कहा कि हर थाने में ऐसा वातावरण होना चाहिए कि पीड़ित महिला निःसंकोच होकर अपनी व्यथा कह सके और निर्भीकता के साथ अपनी शिकायत दर्ज करा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस को पब्लिक फ्रेंडली ही नहीं अपितु चिल्ड्रन फ्रेंडली भी होना चाहिए ताकि हमारा किशोर वर्ग प्रारंभ से ही पुलिस के प्रति एक सकारात्मक सोच रखे और पुलिस को अपना रक्षक व हितैषी समझे। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ने विक्रांत स्पोर्टस योगा एंड फिटनेस प्रमोटर ट्रस्ट द्वारा आयोजित ओपन दिल्ली स्टेट जूडो चैम्पियनशिप 2018 में भाग लेने वाली दिल्ली पुलिस की टीम को बधाई दी। पुलिस आयुक्त महोदय ने विशेष पुलिस ईकाई (महिला एवं बाल) द्वारा वर्ष 2017 में 2 लाख छात्राओं को निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिए जाने की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपने प्रशिक्षण सत्र के दौरान अधिक से अधिक छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने पर ध्यान केन्द्रित करें।

अक्टूबर माह के 6 सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबल पुलिस आयुक्त द्वारा सम्मानित


कां. हिम्मत सिंह (थाना पंजाबी बाग) माह का सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर


एएसआई सुदेश (थाना हजरत निज़ामुद्दीन)


एएसआई नीरज राणा (थाना बेगमपुर)

समाज में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शुरू से ही बीट व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाती रही है। बीट व्यवस्था को पुलिस कार्यप्रणाली की रीढ़ भी कहा जाता है। दिल्ली पुलिस में बीट प्रणाली को मजबूत और प्रभावशाली बनाने के लिए हर माह सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबलों का चयन कर उन्हें प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाता है। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक हर माह चयनित होने वाले सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबलों को पुलिस मुख्यालय में बुलाकर उन्हें नकद पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करते हैं। इसी श्रृखंला में माह अक्टूबर, 2017 के दौरान अपनी–अपनी बीट में शानदार प्रदर्शन करने वाले 6 सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबलों को पुलिस आयुक्त ने 17 जनवरी, 2018 को कान्फ्रेंस हॉल, पुलिस मुख्यालय में सम्मानित किया। **अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबलों में शामिल हैं** :– एएसआई सुदेश (दक्षिण पूर्वी परिक्षेत्र), एएसआई शैलेश शर्मा (मध्य परिक्षेत्र), एएसआई नीरज राणा (उत्तरी परिक्षेत्र), कां. हिम्मत (दक्षिण पश्चिम परिक्षेत्र), कां. विनीत कुमार (नई दिल्ली परिक्षेत्र) तथा कां. शैलेन्द्र (पूर्वी परिक्षेत्र)। थाना पंजाबी बाग में तैनात कां. हिम्मत सिंह को अक्टूबर माह का सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर चुना गया।


कां. शैलेन्द्र (थाना गोकुल पुरी)


एएसआई शैलेश शर्मा (थाना कोतवाली)


कां विनीत (थाना कनॉट प्लेस)

सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान 2017–18 के तहत 'पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न'



इंडिया गेट पर आयोजित ऑन द स्पॉट पेंटिंग कम्पीटिशन कार्यक्रम के दौरान मंच पर आसीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण

दिल्ली पुलिस सप्ताह, 2018 के अन्तर्गत दिल्ली यातायात पुलिस ने 21 फरवरी, 2018 को इंडिया गेट लॉन में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान 2017–18 के कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। इस मौके पर **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** मुख्य अतिथि थे। इसके अलावा **विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) श्री दीपेन्द्र पाठक, संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) श्रीमती गरिमा भटनागर, संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) श्री अरूण कंपानी, उपायुक्त पुलिस उपायुक्त पुलिस (यातायात), श्री विजय सिंह उपायुक्त पुलिस (यातायात), श्री दिनेश कुमार गुप्ता, इंस्पेक्टर मंजू सिंह** तथा SIAM, IGL, Hero Motorcorp, HMSI के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान 2017–18 का शुभारंभ 15 सितम्बर, 2017 को किया था जो यू.एन मिशन के सड़क सुरक्षा 2011–20 का हिस्सा था। दिल्ली यातायात पुलिस ने अक्टूबर 2017 से जनवरी, 2018 के बीच दिल्ली के विभिन्न स्कूलों के लगभग 12 लाख बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिल्ली यातायात पुलिस के स्टाफ ने सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ व सर्कल स्टाफ ने विभिन्न स्वरूपों में अभियान चलाये। 21 फरवरी, 2018 को आयोजित हुए इस कार्यक्रम में ''ऑन द स्पॉट पेंटिंग कम्पीटिशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम विजेता को 10 हजार रुपये, द्वितीय विजेता को 8 हजार रुपये तथा तृतीय विजेता को 6 हजार रुपये के पुरस्कार के अलावा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।



ऑन द स्पॉट पेंटिंग कम्पीटिशन की एक भागीदार छात्रा को पुरस्कृत करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक एवं साथ में वि.पु.आयुक्त श्री दीपेन्द्र पाठक एवं सं.पु.आयुक्त श्रीमती गरिमा भटनागर



एक जनवरी, 2018 को पुलिस मुख्यालय प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने दिल्ली पुलिस के सभी अधिकारियों/कर्मियों और उनके परिवारजनों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि आप सब इसी तरह दिल्लीवासियों की सेवा करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करने में कामयाब हो।

अपराध शाखा की टीम को 60 लाख की फिरौती के लिए अपहृत 5 वर्षीय बच्चे को सकुशल रिहा कराने में उल्लेखनीय सफलता मिली

पुलिस टीम व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड में एक बदमाश की मौत एक घायल और एक गिरफ्तार



पांच वर्षीय अपहृत बच्चे को मुक्त कराने वाली पुलिस टीम पुलिस आयुक्त एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ

25 जनवरी, 2018 की सुबह 7.35 बजे, पूर्वी जिला के जीटीवी एनक्लेव इलाके में मंडोली रोड पर स्थित इहबास के निकट दो मोटर बाइकों पर सवार बदमाशों ने स्कूल बस के ड्राइवर नरेश थापा (38) को गोली मार कर उसमें सवार 5 वर्षीय रेहान नामक एक बच्चे का अपहरण कर लिया था जबकि उसी बस में सवार उसकी 7 वर्षीय बहन को बदमाशों ने छोड़ दिया था। इस संबंध में थाना जीटीबी एनक्लेव में विभिन्न धाराओं में तत्काल मामला दर्ज किया गया। इस अति संवदेनशील घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस और अपराध शाखा की टीमों ने बच्चे की सकुशल हिराई के लिए प्रयास शुरू कर दिये। मामला अपराध शाखा को स्थानांतरित होने पर टीम में शामिल अधिकारियों एवं कर्मियों ने लगातर 12 दिनों तक काम करते हुए अपहरणकर्ताओं की गतिविधियों के साथ–साथ उनके बारे में विस्तृत जानकारी एकत्रित की और पुलिस टीम ने बेहद पेशेवर तरीके और संयम के साथ कार्यवाही करते हुए बच्चे को गाजियाबाद के साहिबाबाद स्थित शालीमार सिटी के एक फ्लैट से सकुशल बरामद करने में शानदार कामयाबी हासिल की। इस बेहद संवेदनशील मामले को सुलझाने में अपराध शाखा की कई टीमों ने संयुक्त रूप से मिलकर काम किया। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) श्री आर.पी. उपाध्याय के नेतृत्व में तथा संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) श्री आलोक कुमार की देखरेख में डॉ0 राम गोपाल नाईक की टीम एसीपी श्री राजेश कुमार, इंस्पेक्टर विनय त्यागी, इंस्पेक्टर सुरेन्द्र, इंस्पेक्टर संजय नियोलिया, एसआई दिनेश, हवा सिंह, अर्जुन, पवन, रजनीश, एएसआई प्रमोद, दिनेश, राजकुमार, हैडकां0 श्याम लाल, शशिकांत, कर्मबीर, बाबूराम, उपेन्द्र, कां0 कुलदीप की टीम के साथ–साथ उपायुक्त पुलिस डॉ0 जॉय टिर्की, एसीपी जसबीर सिंह, एसीपी श्री संदीप लांबा, एसीपी श्री ईश्वर सिंह की टीम ने अहम भूमिका निभाई। अपराधशाखा के इन अधिकारियों एवं कमियों क कार्यक्षमता, कर्तव्यनिष्ठा और कड़े परिश्रम से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बहुत सराहा है। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने इस संवेदनशील मामले को कुशलतापूर्वक हल करने पर अपराध शाखा की टीम को शाबाशी दी और मीडिया के प्रति भी आभार व्यक्त किया, क्योंकि मीडिया ने इस संवदेनशील मामले की रिर्पोटिंग प्रतिदिन के आधार पर नहीं करके पुलिस को पूरा सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि यह पुलिस और मीडिया की साझेदारी का एक बेहतरीन उदाहरण है। अपहृत बच्चे की सकुशल रिहाई हमारी प्राथमिकता थी। दिल्ली पुलिस के लिए यह गर्व की बात है कि वह अपनी प्राथमिकता को कायम करने में सफल रही।

जी मुरली ट्रॉफी मैच में मीडिया एकादशी विजयी रहा



कमीश्नर एकादशी टीम के कप्तान श्री आर.पी. उपाध्याय को शुभकामनाएं देते हुए लिस आयुक्त



विजयी मीडिया एकादशी टीम पुलिस अयुक्त के साथ

25 फरवरी, 2018 को तालकटोरा स्टेडियम में कमिश्नर एकादशी एवं मीडिया एकादशी के बीच 'जी मुरली ''क्रिकेट मैच का आयोजित हुआ। **'जी मुरली ''**क्रिकेट मैच पैट्रियट अखबार के एक दिवंगत सवांददाता की स्मृति में आयोजित किया जाता है। पुलिस व मीडिया के बीच परस्पर मधुर संबंध स्थापित करने और एक–दूसरे की कार्यप्रणाली से रूबरू होने के उद्देश्य से आयोजित इस मैच में मीडिया एकादशी टीम ने 240 रन बनाकर कमिश्नर एकादशी टीम को 72 रन से हराया। मैच में कमिश्नर एकादशी टीम के कप्तान विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) श्री आर.पी. उपाध्याय तथा मीडिया एकादशी टीम के कप्तान चैनल–1 के रिपोर्टर श्री सुरेश झा ने अपने–अपने खिलाड़ियों का मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक से परिचय कराया। इस मौके पर **पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक, विशेष पुलिस आयुक्त श्री राजेश मलिक, श्री पी.कामराज, श्री दीपेन्द्र पाठक, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री अजय चौधरी भूतपूर्व जनसम्पर्क अधिकारी श्री रवि पवार** के अलावा पूर्व में अपराध बीट पर काम कर चुके अनुभवी **वरिष्ठ संवाददाता श्री रमाकांत गोस्वामी (पूर्व दिल्ली कैबिनेट मंत्री), श्री संजय वोहरा, श्री शैलेश शेखर, श्री सुनील वर्मा, श्री जोगेन्द्र सोलंकी, श्री विजय ठाकुर, श्री कुमार अभिताभ, सुश्री अनुपमा झा, श्री किशोर मालवीय, श्री कंचन आजाद तथा श्री इन्द्र वशिष्ठ** आदि भी उपस्थित थे। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने विजेता टीम मीडिया एकादशी को ट्राफी प्रदान की। इस मौके पर विशेष तौर पर आमंत्रित भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज **श्री ईशांत शर्मा** आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहे।

शुभकामनाएँ

माह नवम्बर एवं दिसम्बर, 2017 के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/ईकाइयों से 169 पुलिसकर्मी सेवानिवृत हुए हैं। इनमें से 18 पुलिसकर्मियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है। दिल्ली पुलिस परिवार सेवानिवृत्त होने वाले सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करता है। **अक्टूबर माह में सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों में शामिल हैं :–** इंस्पेक्टर सुरेश चंद, इंस्पेक्टर चतर सिंह व एसआई राजकुमार **(पीटीसी)** एसआई शेर सिंह व हैडकां0 रामकुमार **(स्पेशल सेल)**, एसआई रणबीर सिंह **(सातवीं वाहिनी)**, एसआई होशियार सिंह, एसआई ईश्वर सिंह, एसआई मोहिन्द्र सिंह, एएसआई रमेशचन्द्र, एएसआई राजसिंह **(यातायात)**, एएसआई मोहम्मद हनीफ **(आईजीआईएयरपोर्ट)**, इंस्पेक्टर धर्मबीर सिंह, एसआई सुरेन्द्र सिंह व हैडकां0 बारूभान **(पश्चिमी जिला)**, एससआई केवल सिंह **(बाहरी जिला)**, एसआई कर्ण सिंह व एसआई खड़क सिंह **(रोहिणी जिला)**, इंस्पेक्टर राम बिलास सिंह, एसआई शिव कुमार, एएसआई हरीकिशन, एएसआई विजय सिंह मान, एएसआई सुरेशपाल व हैडकां0 हिम्मत सिंह **(पीसीआर)**, एसआई सज्जन पाल सिंह, एसआई ओमप्रकाश, एसआई हरीचंद, एएसआई देवेन्द्र नाथ व एएसआई राजेन्द्र प्रसाद **(दक्षिणी जिला)**, हैडकां0 दिनेश राठी **(प्रथम वाहिनी)**, एसआई जसवंत सिंह, एसआई कप्तान सिंह व एसआई साहिब सिंह **(नई दिल्ली जिला)**, इंस्पेक्टर आर.डी.पांड्ये, एसआई दिलबाग सिंह, महिला एसआई सुरेश रानी, एएसआई धर्मबीर सिंह व एएसआई राजपाल **(दक्षिण–पश्चिमी जिला)**, महिला इंस्पेक्टर बिमलेश कुमारी, एसआई मंगेश, एएसआई रणबीर सिंह, व एएसआई सुशील कुमार **(मध्य जिला)**, एएसआई सत्यवीर सिंह व एएसआई उत्तम चंद **(पूर्वी जिला)**, इंस्पेक्टर वेदप्रकाश, एसआई अजीत सिंह, एसआई शिवकुमार **(संचार शाखा)**, एसआई अशोक टिर्की व एसआई यादराम सिंह **(उत्तर–पश्चिमी जिला)**, एसआई बेगराज व एसआई मनुव्वर कमल **(चतुर्थ वाहिनी)**, एसआई कैलाश चंद, एसआई गोविन्द सिंह, महिला एएसआई कृष्णा कुमारी, एएसआई महेशचन्द्र व एएसआई धर्मपाल **(दक्षिण–पूर्वी जिला)**, एसआई जगदीश प्रसाद व एएसआई देवेन्द्र सिंह **(द्वितीय वाहिनी)**, एएसआई चन्दर शेखर व कां0 राजकुमार **(तृतीय वाहिनी)**, इंस्पेक्टर हरीपाल, एसआई रमेशचंद, एसआई सतबीर सिंह, एसआई राजेन्द्र सिंह, एसआई अमर सिंह, एएसआई दर्शन सिंह, एएसआई मुकेश कुमार, एएसआई डाल सिंह, एएसआई मोती लाल, एएसआई धर्मबीर सिंह, हैडकां0 सुखबीर सिंह व हैडकां0 राजसिंह **(सुरक्षा शाखा)** महिला इंस्पेक्टर वीरमत्ति, हैडकां0 नित्यानंदन नंदी व एमटीएस अंजना देवी **(उत्तरी जिला)** तथा एसआई अख्तर हसन, एसआई विद्याधर व एएसआई जोर्ज जोसफ **(विशेष शाखा)**।

नवम्बर माह में सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों में शामिल हैं:–एमटीएस जगदीश चन्द्र **(पुलिस मुख्यालय)**, एएसआई शमीम अख्तर **(पाँचवीं वाहनी)**, एसआई गिरीराज सिंह, एसआई सरबजीत सिंह, एएसआई नरेश कुमार, हैडकां0 इंद्र सिंह व हैडकां0 लालचन्द **(यातायात)**, एसआई मोहिन्द्र सिंह, एसआई देवेन्द्र सिंह, एएसआई प्रताप सिंह व हैडकां0 ईश्वर सिंह **(रोहिणी जिला)**, एसआई रघुवर दयाल **(पूर्वी जिला)**, एसआई रमेश कुमार व एमटीएस ईश्वर सिंह **(सातवीं वाहिनी)**, निरीक्षक जीवन लाल, निरीक्षक गोकुल राम, एसआई दयानंद सिंह, एसआई सतीश कुमार, एसआई बिलावल बिखाभाई, एसआई रोहताश सिंह, एसआई बलवान सिंह,एएसआई सुरेश पाल, एएसआई देवेन्द्र सिंह छिकारा, एएसआई जयवीर सिंह व एएसआई सन्नी टी.सी. **(सुरक्षा शाखा)**, एएसआई हरदत्त सिंह **(विशेष शाखा)**, एएसआई चंगुर राम (मध्य जिला), एसआई देश राज, एसआई अली शेर, एसआई अशोक कुमार, एसआई इन्द्र देव, एसआई महावीर सिंह, एएसाई कुलदीप सिंह, एएसआई ओम प्रकाश, एएसआई राजेन्द्र सिंह, एएसआई राजेन्द्र सिंह, एएसआई प्रमोद कुमार, एएसआई अब्दुल गफ्फार, एएसआई डालचन्द, एएसआई उमाशंकर आर. व हैडकां0 उदय वीर सिंह **(पीसीआर)**, एसआई रामकुमार, एसआई रामपाल सिंह व एसआई विरेन्द्र सिंह राणा **(पश्चिमी जिला)**, एसआई निहाल सिंह, महिला एएसआई अमरीक कौर व हैडकां0 लक्ष्मण राम मीना **(एफआरआरओ)**, इंस्पेक्टर ललित कुमार शर्मा व एएसआई हरि प्रसाद **(नई दिल्ली जिला)**, एसआई सूरत सिंह **(साउथ–वेस्ट जिला)**, निरीक्षक देव प्रकाश व हैडकां0 प्रकाश चन्द **(प्रथम वाहिनी)**, एएसआई दूदा राम व एएसआई माले राम **(दक्षिणी जिला)**, निरीक्षक जितेन्द्र सिंह व एसआई राजपाल शर्मा **(पीटीसी)**, इंस्पेक्टर जोंज सैमुअल, एसआई सीमोन इक्का, एसआई रामकुमार, एएसआई मनसुख सिंह व एसआई कृष्ण सिंह **(संचार शाखा)**, एसआई बिशन सिंह **(विशेष शाखा)**, एसआई गोपाल सिंह **(सतर्कता शाखा)**, एएसआई आनन्द सिंह व एएसआई अशोक चक्रवर्ती **(पीएंडएल)**, एएसआई महाराज सिंह **(राष्ट्रपति भवन)**, एसआई सुखवीर सिंह, एसआई महेन्द्र सिंह, एसआई सत्यप्रकाश, एसआई विजय पाल, एएसआई योगेश कुमार त्यागी व एमटीएस सत्या सिंह **(दक्षिण–पश्चिमी जिला)**, एएसआई जयवीर सिंह तथा एमटीएस कुलभूषण **(बाहरी जिला)**, एसआई कुलदीप कुमार नाग, महिला एसआई रजनी राणा व एमटीएस गिरीराज पटेल **(उत्तरी जिला)**।

श्रद्धांजलि

नवम्बर, दिसम्बर, 2017 तथा जनवरी 2018 के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/ईकाइयों में तैनात 60 पुलिसकर्मियों की सेवाकाल के दौरान भिन्न–भिन्न कारणों से असमय मृत्यु हो गई। असमय बिछुड़ गये अपने इन साथियों को दिल्ली पुलिस परिवार अपनी भाव–भीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है और उनके आश्रितों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता है।

नवम्बर माह में दिवंगत 19 पुलिसकर्मियों में शामिल हैं:– एएसआई हंसराज **(सुरक्षा)**, एएसआई धर्मबीर **(दक्षिणी जिला)**, एएसआई रामप्रकाश व कां0 संजय कुमार **(सातवीं वाहिनी)**, एएसआई भोला राम **(उत्तर–पूर्वी जिला)**, एएसआई संतलाल मीणा **(पीएडंएल)**, एएसआई सुशील कुमार व एएसआई आनंद कुमार **(बाहरी जिला)**, एएसआई जयभगवान **(रोहिणी जिला)**, एएसआई रवीन्द्र कुमार व हैडकां0 गिरीश कुमार **(अपराध शाखा)**, एएसआई अशोक कुमार **(तृतीय वाहिनी)**, एएसआई जितेन्द्र प्रसाद, कां0 नितेश रावत व कां0 तेजबीर सिंह **(पीसीआर)**, हैडकां0 दशरथ सिंह **(उत्तरी जिला)** हैडकां0 रामअवतार **(दक्षिण–पूर्वी जिला)**, हैडकां0 रणबीर सिंह **(दक्षिणी जिला)** तथा कां0 राजा राम यादव **(पश्चिमी जिला)**।

दिसम्बर माह में दिवंगत 27 पुलिसकर्मियों में शामिल हैं:– इंस्पेक्टर सुशील कुमार यादव, एएसआई रमेशचन्द्र व एएसआई रमेश कुमार सिंह **(रोहिणी जिला)**, एसआई सुरेश कुमार ,एएसआई जयपाल सिंह व एएसआई नरेश पाल **(सुरक्षा)**, एएसआई ओमपाल सिंह **(उत्तर–पूर्वी जिला)**, एएसआई श्रद्धानंद **(दक्षिण– पूर्वी जिला)**, एएसआई भगवानदास **(सातवीं वाहिनी)**, हैडकां0 हंसराज **(पूर्वी जिला)**, हैडकां0 जितेन्द्र सिंह **(उत्तरी जिला)** एएसआई अरविंद कुमार व एएसआई बिजेन्द्र सिंह **(उत्तर–पश्चिमी जिला)**, एएसआई बिशन सिंह व एएसआई हसंराज, **(पीसीआर)**, एएसआई हरबंस लाल, कां0 शाहवेज शम्शी व एमटीएस करतार सिंह **(पीटीसी)**, एसआई मोहन लाल, एएसआई छोटूराम व हैडकां0 देवेन्द्र सिंह **(संचार शाखा)**, एएसआई प्रताप सिंह **(शाहदरा जिला)**, एएसआई राजेन्द्र सिंह **(रेलवे)**, एएसआई जगबीर सिंह **(मध्य जिला)**, कां0 श्रीकृष्ण **(छट्ठी वाहिनी)**, कां0 सुरेश कुमार **(पश्चिमी जिला)** तथा कां0 यशवीर सिंह **(यातायात)**।

जनवरी माह में दिवंगत 14 पुलिसकर्मियों में शामिल हैं :–एएसआई खेमचंद व एएसआई सुरेन्द्र कुमार **(शाहदरा जिला)**, एएसआई बलराज सिंह नागर, महिला एएसआई संतोष कुमार तथा एएसआई मलखान सिंह **(सुरक्षा)**, एएसआई शमीम अहमद **(पीसीआर)**, एएसआई बलजीत सिंह **(संचार शाखा)**, कां0 रामकुमार **(पूर्वी जिला)**, कां0 रामअवतार सिंह, **(मध्य जिला)**, कां0 सुमित यादव **(उत्तर–पूर्वी जिला)**, हैडकां0 अनिल शर्मा **(उत्तर–पश्चिमी जिला)**, हैडकां0 नरेन्द्र सिंह **(राष्ट्रपति भवन)**, हैडकां0 रणबीर सिंह **(रोहिणी जिला)**, कां0 सतनाम सिंह **(द्वारका जिला)**।

31 जनवरी, 2018 को सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारीगण



अति. आयुक्त पुलिस (लाइसेंसिग शाखा) श्री कमल कांत व्यास

28 फरवरी, 2018 को सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारीगण



अति. आयुक्त पुलिस (सतर्कता) श्री राजकुमार झा



एसीपी (पीटीसी) श्री लक्ष्मी नारायण सरण



एसीपी (रेलवे मैट्रो) श्री राजकुमार



एसीपी (आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ) सत्यवीर सिंह दुहन



एसीपी (यातायात) श्री रामफल सिंह



एसीपी (द्वारका जिला) श्री गुरमीत सिंह पन्नू



एसीपी (तृतीय वाहिनी) श्री धर्मबीर सिंह



एसीपी (सुरक्षा) श्री ओमप्रकाश यादव



एसीपी (आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ) श्री राजीव मिड्डा



एसीपी (सुरक्षा) श्री राजबीर शर्मा



एसीपी (नई दिल्ली जिला) श्री वेद भूषण



एसीपी (उत्तर-पूर्वी जिला) श्री नरेन्द्र सिंह



एसीपी (लाइसेसिंग शाखा) श्री अभिरूप बनर्जी



सम्पादक

सम्पादक : श्री राजीव रंजन, उपायुक्त पुलिस (पुलिस आयुक्त के स्टाफ ऑफिसर)
सह-सम्पादक : निरीक्षक सतबीर सिंह, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली।



सह-सम्पादक